हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026



# गांवों में बनेंगे पंचायत अध्यक्ष, जोन के आधार पर तय होगा जिलाध्यक्षों का परफार्मेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संगठन सृजन के जरिये जिला और ब्लॉक स्तर तक अध्यक्षों की ताजपोशी करने के बाद कांग्रेस हाईकमान ने अब ग्रास रूट पर कांग्रेस को मजबूत करने का एक्शन प्लान तैयार किया है। पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में कांग्रेस हाईकमान ने जिलाध्यक्षों को हर गांवों में पंचायत अध्यक्ष नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। वहीं शहर अध्यक्षों से कहा गया है कि हर वार्ड में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का चयन कर उन्हें वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाए। इधर कांग्रेस हाईकमान ने जिलाध्यक्षों के परफार्मेंस की गणना करने के लिए तीन स्तर भी तय कर दिए हैं। अभा कांग्रेस कमेटी ने पहली बार जिलाध्यक्ष, ब्लॉक और शहर अध्यक्षों का चयन करने के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया था। जिसमें दिल्ली से आए पर्यवेक्षकों से कांग्रेस नेताओं के अलावा हर वर्ग के लोगों से मुलाकात करने के बाद नए अध्यक्षों की ताजपोशी की है। इस प्रक्रिया के निपटने के बाद पिछले 10 फरवरी को दिल्ली में बैठक आहूत की गई थी। जिसमें राज्य के सभी जिलों के नए जिलाध्यक्ष और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को तलब किया गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई है। कांग्रेस ने अब ग्रॉस रूट पर फोकस करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत जिले के सभी गांवों में पंचायत अध्यक्ष का मनोनयन किया जाएगा। वहीं शहर के सभी वार्ड में वार्ड अध्यक्ष की ताजपोशी की जाएगी।

## दिल्ली में हुई बैठक के बाद कांग्रेस ने लिया संगठन विस्तार का निर्णय

### अध्यक्षों को दिया फ्री हैंड

दिल्ली में आहूत बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्षों को फ्री हैंड कर दिया है, लेकिन उन्हें यह भी कहा गया है कि उनके कामों की समीक्षा लगातार जारी रहेगी। रेड, यलो और ग्रीन जोन के आधार पर जिलाध्यक्षों का कामकाज की गणना की जाएगी। पार्टी की विचारधारा को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए जिलाध्यक्षों को कई टॉस्क भी दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि दो-तीन माह के भीतर दिल्ली में फिर बैठक आहूत कर मूल्यांकन किया जाएगा।

### 30 मार्च तक होगी घोषणा

कांग्रेस हाईकमान ने जिलाध्यक्षों को ब्लॉक से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार करने का अधिकार दे दिया है। इस निर्णय से जिलाध्यक्षों की जिम्मेदारी जहां बढ़ गई है। वहीं कांग्रेस में मची गुटबाजी को रोकने की दिशा में भी इस कदम को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने आगामी 30 मार्च तक पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठन का विस्तार करने का समय दिया है। यही कारण है कि दिल्ली की बैठक के बाद जिलाध्यक्षों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है।

### जमीनी कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा मौका

कांग्रेस हाईकमान ने पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठन का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं। इस विस्तार में जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा।

- जितेन्द्र मुदलियार, अध्यक्ष, शहर कांग्रेस

### शीघ्र होगी घोषणा

पंचायत स्तर पर अध्यक्ष मनोनीत करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शीघ्र ही जिले के सभी पंचायतों में अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी।

- विपिन यादव, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

---

## सरकारी और निजी उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग नियम?

# सरकारी विभागों का 42 करोड़ रुपए बकाया निगम पर 9, पुलिस पर 55 लाख बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में बिजली के बकाया बिल की वसूली को लेकर विभाग ने पिछले दो महीने से अभियान शुरू कर दिया है, जहां निजी कनेक्शन के लंबित बकाया के भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं सरकारी दफ्तरों के लाखों रुपए बकाया होने के बाद भी उन्हें केवल नोटिस देकर बिल चुकाने का आग्रह किया जा रहा है। जबकि जिले में सरकारी विभागों का 42 करोड़ से अधिक रुपए बिल राशि बकाया है। वहीं निजी कनेक्शन की बकाया राशि इससे कई गुना कम है।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जिले में शासकीय विभागों से 42 करोड़ 29 लाख रुपए की बकाया राशि वसूली के लिए अभियान की तैयारी शुरू कर दी गई है। शासकीय कार्यालयों से बकाया राशि वसुली के लिए विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर मौखिक तौर पर बिजली बिल के भुगतान के लिए अवगत कराया गया है। जिले में नगरीय निकायों के 530 कनेक्शन पर 08 करोड़ 64 लाख, पुलिस विभाग के 45 कनेक्शन पर 55 लाख 60 हजार, जेल विभाग के 04 कनेक्शन पर 01 लाख 90 हजार, ग्राम पंचायतों में जल प्रदाय, सड़क बत्ती एवं भवनों के 2496 कनेक्शन पर 29 करोड़ 03 लाख 61 हजार, जिला एवं जनपद पंचायतों के 23 कनेक्शन पर 37 लाख 82 हजार, आरईएस विभाग के 07 कनेक्शन पर 21 लाख 58 हजार, शिक्षा विभाग के 790 कनेक्शन पर 34 लाख 02 हजार, उच्च शिक्षा विभाग के 16 कनेक्शन पर 04 लाख 69 हजार, स्वास्थ्य विभाग के 188 कनेक्शन पर 97 लाख 53 हजार, कलेक्टोरेट/राजस्व/तहसील कार्यालयों के 10 कनेक्शन पर 05 लाख 66 हजार, अदिम जाति कल्याण विभाग के 55 कनेक्शन पर 55 लाख 72 हजार, लोक निर्माण विभाग के 16 कनेक्शन पर 07 लाख 03 हजार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 03 कनेक्शन पर 01 लाख 22 हजार, महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग के 645 कनेक्शन पर 10 लाख 13 हजार, कृषि विभाग के 20 कनेक्शन पर 04 लाख 32 हजार, पशु चिकित्सा विभाग के 14 कनेक्शन पर 60 हजार, वन विभाग के 59 कनेक्शन पर 06 लाख 83 हजार, न्यायालय विभाग के 06 कनेक्शन पर 01 लाख, सहकारिता विभाग के 25 कनेक्शन पर 01 लाख 44 हजार, आईटीआई के 4 कनेक्शन पर 49 हजार, छग गृह निर्माण मंडल के 5 कनेक्शन पर 06 लाख 83 हजार, आवास एवं पर्यावरण विभाग के 15 कनेक्शन पर 33 लाख 55 हजार, शायकीय ट्यूबवेलों के 93 कनेक्शन पर 46 लाख 61 हजार, गौठान/ग्रामीण औद्योगिक पार्क के 37 कनेक्शन पर 10 लाख 08 हजार एवं अन्य शेष विभागों के 48 कनेक्शन पर 09 लाख 45 हजार सभी को मिलाकर 42 करोड़ 29 हजार रुपए की बकाया राशि लंबित है।

## मार्च से पहले शत-प्रतिशत वसूली का टारगेट

**खास बातें**

- पुलिस विभाग के 45 कनेक्शन का 55 लाख रुपए का बिल राशि बकाया
- सभी विभागों को नोटिस जारी कर बिल राशि अदा करने किया आग्रह



### 531 निजी बकायेदारों से वसूली

मिली जानकारी के अनुसार महीने के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार जिले में 531 बड़े बकायेदार थे, जिनसे 02 करोड़ 70 लाख रुपए की बकाया राशि वसूली जानी थी। इनमें से 153 बकायेदार से 70 लाख रुपए बकाया वसूली की गई है। जबकि शेष 378 उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल जमा नहीं किए जाने पर विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब सरकारी विभागों को केवल नोटिस देकर आग्रह किया जा रहा है तो निजी लोगों के साथ कनेक्शन काटने की कार्रवाई क्यों की जा रही है।

### निगम की राशि शासन से मिली

बिजली विभाग ने बताया कि राजनांदगांव जिले के अन्तर्गत राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ संभाग में शासकीय विभागों के कुल 5165 कनेक्शनों पर लंबित 42 करोड़ 29 लाख रुपए की बकाया राशि वसूली के लिए विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर समय-सीमा के भीतर भुगतान करने का आग्रह किया गया है। जिले के नगरीय निकाय में स्थापित विद्युत कनेक्शनों के लंबित राशि के भुगतान के लिए शासन स्तर पर 09 करोड़ 12 लाख 14 हजार रुपए की राशि का समायोजन किया गया।

---

# कठिन सवालों में उलझे रहे परीक्षार्थी सुरक्षा के चलते उतरवाए जूते-चप्पल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया। जिले में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 से 5 बजे दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 4186 परीक्षार्थियों के शामिल होने व्यवस्था की गई थी।

परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को कड़ी जांचपड़ताल से गुजरना पड़ा। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, घड़ी, पर्स, टोपी, जूता, बेल्ट, रंगीन चश्मा सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामग्री प्रतिबंधित किया गया था। परीक्षार्थियों को पतले सोल वाली चप्पले, नजर के चश्मों, हाफ आस्तीन के शर्ट, हल्के रंग के कपड़े के साथ अनुमति दी गई, लेकिन कुछ परीक्षार्थी गहरे रंग के कपड़े पहनकर आए, जिसे वापस लौटया गया। कुछ परीक्षार्थियों के फुल आस्तीन के कपड़ों को काटकर हाफ करने के बाद उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षार्थियों ने कहा कि काफी कठिन प्रश्न आए थे। मॉडर्न हिस्ट्री से एक-दो सवाल ही पूछे गए थे। परीक्षार्थियों ने कहा कि हमेशा की तरह उन्होंने मॉडर्न हिस्ट्री पर ज्यादा फोकस कर अपनी तैयारी की थी, लेकिन इस बार ज्यादातर प्रश्न इनसेंट से लिया गया। काफी डिप्ली प्रश्न पूछे गए। परीक्षार्थियों ने कहा कि जैसी तैयारी थी, वैसा पेपर नहीं आया।

**दूसरी पाली में रही कम उपस्थिति:** सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पहली पाली एवं दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक दूसरी पाली की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में दर्ज 4186 में से 3449 परीक्षार्थी उपस्थित 737 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। द्वितीय पाली में 4186 में 3387 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 799 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### काटा गया मौली धागा

परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले ही अभ्यर्थियों के जूते-मोजे, हाई हील की सैंडल, घड़ी, हेयर पिन, कान की बालियां, कड़ा निकलवाया गया। वहीं हाथ में बंधी मौली धागे को काटकर निकाला गया। खासकर कपड़ों के रंग को लेकर परीक्षार्थियों में नाराजगी दिखाई दी। कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि उन्होंने हल्के रंग का ही कपड़ा पहना था, इसके बाद भी उन्हें वापस किया गया।

### पूछा गया राजनांदगांव से संबंधित प्रश्न

परीक्षा में स्थानीयता छत्तीसगढ़ी से संबंधित प्रश्न भी काफी कठिन पूछे गए। जिसमें सभी प्रश्नों के लिए चार ऑप्शन दिए गए थे। लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पूछा गया कि कान में कौन सा आभूषण पहना जाता है। जिसमें तितरी, लेरकी, झुमका, पटिया के ऑप्शन दिए गए। वहीं एक सवाल में पूछा गया कि छत्तीसगढ़ में खीर जैसा व्यंजन कौन सा है। जिसका ऑप्शन लिमड़, खुरमी, तरामई और चौसेला दिया गया। वहीं राजनांदगांव से संबंधित प्रश्न में पूछा गया कि वीवी गिरी किस आंदोलन के समय राजनांदगांव आए थे। इस परीक्षा में 32 पेज के प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न पूछे गए थे। एक प्रश्न के लिए 2 नंबर तय किया गया था।

---

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 23 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 23 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सोमनी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर कार्रवाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम सांकरा मोड सोमनी के पास संदेही रामकुमार साहू 42 साल निवासी ग्राम नवागांव मुढीपार से अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु लाना पाए जाने से मौके पर नोटिस देकर 23 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1840 को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई किया गया।

### मांय एंगल




## दो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सार्वजनिक स्थान पर शराब को सेवन करने एवं वाद-विवाद कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 22 फरवरी को आम स्थान पर शराब पीने वाले आरोपी संत सिन्हा 45 साल मोतीपुर के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया। वहीं लड़ाई-झगड़ा कर परिशांति भंग करने वाले राकेश सिन्हा 30 साल मोतीपुर, अजय गढेवाल 34 साल रामनगर के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## आम बगीचे के पास मिला महिला का शव

**महिला के सिर पर चोंट, हत्या के एंगल से जांच में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली से बेलगांव मुख्य मार्ग से लगे अछोली आम बगीचा के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। प्रथम दृष्टया शव की स्थिति को देखते हुए उक्त महिला की हत्या कर फेंका जाना प्रतीत हो रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत अछोली के बेलगांव मुख्य मार्ग से लगे ग्राम अछोली के आम बगीचा के पास एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में शव देखा गया। जिससे आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या कर उक्त स्थल पर फेंका गया है। बताया गया कि महिला के सिर पर चोंट के गंभीर निशान है। जिससे चेहरा अस्पष्ट है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

### शिनाख्ति का प्रयास

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भी लाश की स्थिति को देखकर हत्या कर फेंके जाने का अनुमान लगाया है। माना जा रहा है कि उक्त महिला के शव को देर रात आम बगीचे के पास फेंका गया है। महिला का शव अज्ञात है और पहचान छुपाने के लिए महिला का सिर और चेहरा को बुरी तरह कुचलना बताया गया है। सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले को विवेचना में लिया है। महिला की शिनाख्ती जारी है। जांच के लिए फॉरेसिक टीम को भी बुलाया गया। उक्त घटना के बाद ग्राम में दहशत का माहौल भी बना है।

# बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से होगी बारिश तापमान में आएगी कमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में पिछले दो सप्ताह से जारी तापमान में वृद्धि का ट्रेंड थम सकता है। मौसम में अब फिर ठंडकता बढ़ने का अनुमान विभाग द्वारा जताया गया है। वहीं बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम की वजह से अंचल में आज बेमौसम बारिश भी देखने को मिल सकती है। जिसके प्रभाव से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट संभावित है। रविवार को अंचल का अधिकतम तापान 35 डिग्री पर रहा।

मौसम विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले बुलेटिन के अनुसार एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके लगातार पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और उसके बाद यह मुड़कर उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी की तरफ अगले 48 घंटे में जाने की संभावना जताई गई है।

**तापमान में आएगी गिरावट**

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि होने के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान में भी कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 24 फरवरी से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों तक गिरावट होने का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में गिरावट 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक हो सकती है।

### बस्तर संभाग में बारिश के आसार

विभाग के अनुसार एक द्रोणिका, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थत चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र से दक्षिण मध्य महाराष्ट्र तक, 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके प्रभाव के चलते कल एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग के जिले संभावित है। इसका असर राजनांदगांव सहित एमएमसी जिले में देखने को मिल सकता है।

## तीन की बजाय चार मार्च को मनाई जाएगी होली, तैयारियां शुरू

# 24 से तीन मार्च तक रहेगा होलाष्टक, इस दौरान शुभ कामों पर लगेगा विराम, 2 को होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक रहेगा। फाल्गुन शुक्ल सप्तमीयुक्त अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलने वाली इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, वाहन व मकान की खरीद-बिक्री, नया व्यवसाय या निर्माण कार्य जैसे सभी मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। होलाष्टक में शुभ कार्य टालना ही श्रेयस्कर है। इसका धार्मिक, आध्यत्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी है।

पंडितों ने बताया कि अष्टमी से पूर्णिमा तक नवग्रह उग्र रूप में रहते हैं। इसमें अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को कोर गुरू, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहु। यह समय तंत्र-मंत्र और यंत्र की सिद्धी का है। पंडित का कहना है कि यह समय भक्ति, जप, तप, व्रत व दान-पुण्य के लिए श्रेष्ठ है। भगवान शिव, विष्णु व हनुमान आराधना, महामृत्युंजय मंत्र जाप, भजन-कीर्तन व सेवा कार्य विशेष फलदायी माने जाते हैं। तांत्रिक दृष्टि से यह साधना व सिद्धी का काल है।

### होलाष्टक की परंपरा

पंडित ने बताया कि दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद को इन्हीं 8 दिन में कठोर यातनाएं दी थी। अंत में बहन होलिका की गोद में बैठाकर अग्नि में जलाने का प्रयास किया गया, लेकिन इस कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका दहन हो गई। इसी कारण इन दिनों को परीक्षा, कष्ट और तप का समय मानते हुए शुभ कार्यों से बचने की परंपरा है।

### होलाष्टक की आग का विशेष महत्व

पंडितजी ने बताया कि होलाष्टक की परंपरा के पीछे धार्मिक के साथ वैज्ञानिक महत्व भी है। इनके अनुसार होलाष्टक का विज्ञान, प्रकृति और मौसम के बदलाव से जुड़ा है। इन दिनों वातावरण में बैक्टीरिया वायरस अधिक सक्रिय होते हैं। सर्दी से गर्मी की ओर जाते इस मौसम में शरीर पर सूर्य की पराबैंगनी किरणें विपरीत प्रभाव डालती है। होलिका दहन पर जो अग्नि निकलती है, वो बैक्टीरिया और नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर देती है। गाय के गोबर से बने कंडे, पीपल, पलाश, नीम व अन्य पेड़ों की लकड़ियों के साथ कर्पूर से होलिका दहन होने पर निकलने वाला धुंआ सेहत के लिए अच्छा होता है, इसलिए होलाष्टक के दिनों में उचित खानपान की सलाह दी जाती है। चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन 2 मार्च को वहीं तीन मार्च को ग्रहण के कारण रंगोत्सव चार मार्च को रंगोत्सव होगा।

## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह आज

**चिचोला।** छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र लाल बहादुर नगर ने संत गाडगे महाराज का जयंती समारोह कल 23 फरवरी को ग्राम रामपुर में रखा है। समाज के पूर्व सचिव तीजू निर्मलकर ने बताया कि सुबह 10 बजे गाडगे महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर को सत्यनारायण पूजा रखा गया है। रात्रि में सामाजिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। जितेंद्र निर्मलकर ने सभी स्वजातियों से शामिल होने की अपील की है।

### मन की बात का श्रवण



**डोंगरगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित मन की बात कार्यक्रम का श्रवण भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वार्ड पांच में मंडल भाजपा की कार्यकारिणी सदस्य हिना जैन के निवास पर किया। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन, रामकिशन महेश्वरी, पार्षद राजा जैन, संदीप जैन, गौरव यदु सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति



**बेलगांव।** मुसरा मान्टेशरी स्कूल में गत दिनों वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि बली बंजारे, प्रदीप वर्मा, प्रहलाद वर्मा, सरपंच गायत्री टेम्भुकर थी। कार्यक्रम में प्राचार्य केएस साहू सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### पुण्यतिथि पर किया नमन



**डोंगरगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद, खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि विधायक निवास में मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरिश भंडारी, संध्या देशपांडेय, जितेंद्रसिंह भाटिया, विजयराज चौहान, विष्णु लोधी, रिम्मी भाटिया, रामजी तराने, शिशुपाल भारती, ओमप्रकाश महानदी, मतीन खान, अकील भाई, दुलीचंद बडोले, नरेश करसे, बबलू शांडिल्य, एडविन हैदर, दिनेश साखरे, निशा निर्मलकर, केशव टांडी, अम्बरीष टांडिया, धन्नालाल गणवीर, संजीव गुप्ता, ऋषि शर्मा, चंद्रशेखर बोरकर, धर्मेंद्र साहू, दशरथसिंह ठाकुर, कुश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### विकास कार्यों का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत ढारा में यात्री प्रतीक्षालय एवं पटेल समाज भवन में टीन शेड का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया।

### विधायक साहू व्हीप चीफ नियुक्त

**डोंगरगांव।** कांग्रेस ने विधायक दलेश्वर साहू को विधानसभा में चीफ व्हिप नियुक्त किया। उनकी



नियुक्ति का आदेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सहमति से जारी किया है। श्री साहू की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## जटकन्हार पोस्ट आफिस की जांच लगातार जारी

# कई ग्राहकों का तोड़ा भरोसा, फर्जी पासबुक और सील से लगाया चूना

### जांच में गड़बड़ी के हो रहे नए-नए खुलासे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित डाकघर पर भरोसा करते हुए जटकन्हार सहित आसपास के ग्रामीण राशि जमा करते रहे किन्तु वहां पदस्थ पोस्ट मास्टर के खातों में गड़बड़ी करते रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब पोस्टमास्टर के तबादले के बाद जमाकर्ता राशि का आहरण करने पहुंचे तो पता चला है कि उनके खाते में राशि ही जमा नहीं है।

जानकारी के अनुसार तत्कालीन पोस्ट मास्टर एक हजार रुपए लेकर खाता खोलता था। खाता खुलने के बाद पासबुक भी जारी करता था किन्तु खातों का संचालन स्वयं करता था।

जटकन्हार पोस्ट ऑफिस में हुई गड़बड़ी की जांच जैसे- जैसे आगे बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे नए खुलासे हो रहे हैं। अब यह जानकारी सामने आई है कि फरार पोस्ट मास्टर के साथ कुछ अन्य कर्मचारी में इस गड़बड़ी में शामिल थे। पूरी जांच के बाद अन्य कर्मियों के नाम के सामने आने की संभावना है।

#### रिकार्ड में गड़बड़ी

जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के कम पढ़े-लिखे ग्राहकों को पोस्ट मास्टर निशाना बनाते हुए फर्जी पासबुक जारी करता था। पासबुक में ग्राहक का नाम, पता सहित अन्य विवरण सही दर्ज रहता था। वह नगदी रकम की जमा और निकासी में लगातार हेराफेरी करते रहा। पता चला है कि पोस्ट मास्टर की फर्जी सील बनवा रखा था जिसका उपयोग पास बुकों के प्रमाणन और एंट्री के लिए करता था।



#### आरोपी की तलाश

थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। उन्होंने अग्रिम जमानत याचिका की जानकारी होने से इंकार किया। इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आंतरिक निगरानी की जाती तो धोखाधड़ी होना संभव नहीं था। अब सबकी निगाहें संभागीय जांच और पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं।

#### कई अन्य भी शामिल?

जानकारी के अनुसार आरोपी के कारनामों की जानकारी कुछ कर्मियों को पहले से थी, लेकिन उन्होंने समय रहते कार्रवाई नहीं की। गड़बड़ी सामने आने के बाद जांच के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आई। दो दिनों में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए और कई खातों में अनियमितता के संकेत मिले। विस्तृत जांच में फर्जी पासबुक, खाता संख्या में हेराफेरी और सील के दुरुपयोग करने जैसे तथ्य उजागर हुए है।

# विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ लाख मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

■ मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में एसआईआर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा किया गया। चार माह तक चली इस प्रक्रिया के बाद 21 फरवरी को राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य आदि उपस्थित थे।

जानकारी के अनुसार एक जनवरी 2026 के आधार पर मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 1,58,680 मतदाता हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान विधानसभा क्षेत्र के 243 बूथ लेवल अधिकारियों ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए तथा 1,58,680 मतदाताओं के विवरण का मिलान एवं मैपिंग कार्य पूर्ण किया। अभियान के दौरान नागरिकों से प्राप्त नवीनतम फोटोग्राफ भी अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया गया है।

## बैंक के सहयोग से सिंचाई सुविधा का विकास



**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक की परिवर्तन पहल अंतर्गत संचालित हॉलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम को समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से 15 गांवों में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है। इस परियोजना अंतर्गत सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए अछोली, देवकट्टा, रीवागहन, शिवपुरी एवं बेलगांव में 5 एचपी का सोलर इरिगेशन पंप स्थापित किया गया है। इस पहल से किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा 15 किसानों को आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने ड्रिप इरिगेशन सिस्टम लगाने में सहयोग किया गया। क्रियान्वयन में प्रोजेक्ट मैनेजर भैयासिंह झारे, नंदलाल साहू, सोमनाथ चावले, प्रिया आनंद आदि का योगदान रहा।

# नालंदा परिसर से जिले को मिलेगा शैक्षणिक सशक्तिकरण : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में 4 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना बाद परिसर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नालंदा परिसर की स्वीकृति प्रदान कर जिले के शैक्षणिक व बौद्धिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री अरुण साव और सांसद संतोष पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार प्रदेश में लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। नवीन जिले के समग्र विकास को लेकर विभिन्न निर्माण कार्यों सहिति जनहित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जा रही है। नालंदा परिसर के निर्माण से विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को अध्ययन अध्यापन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, टीके चंदेल, नीलिमा गोस्वामी, देवीन कोठले, मोनिका रजक, शशांक ताम्रकार, नंद चंद्राकर, गोरेलाल वर्मा, कीर्ति वर्मा, विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, हर्षवर्धन वर्मा, अनुज देवांगन, आलोक श्रीवास, हरप्रसाद वर्मा, केशव चंदेल, प्रेमसागर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व अन्य उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण की मांग, ग्रामीणों ने दिया धरना

### चार घंटे तक आवागमन रहा बाधित, आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्षेत्र की जर्जर सड़कों और वर्षों से लंबित सुविधाओं को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर नजर आया। कातलवाही पहुंच मार्ग, छपारा रोड तथा ग्राम बांकलेड़ी से बलदेवटोला के बीच पुलिया निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डोंगरगढ़-खैरागढ़ मार्ग पर चक्काजाम किया। कातलवाही सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण सड़क पर बैठ गए, जिससे आवागमन ठप हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि कातलवाही पहुंच मार्ग और छपारा रोड की हालत वर्षों से बदतर है। सड़क पर गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। वहीं बांकलेड़ी से बलदेवटोला के बीच पुलिया नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों का आवागमन बंद हो जाता है।



#### विधायक भी पहुंची

धरना की खबर मिलते ही विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ सड़क पर बैठ गए। विधायक ने भाजपा सरकार पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण लंबे समय से सड़क और पुलिया की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन केवल आश्वासन देकर जिम्मेदारी से बच रहा है। इस दौरान शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

#### चार घंटे रहा जाम

एसडीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर ग्रामीण अड़े थे किन्तु बाद में अधिकारियों ने कातलवाही, छपारा रोड की मरम्मत एवं बांकलेड़ी- बलदेवटोला के बीच पुलिया निर्माण के लिए शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों के प्रदर्शन से करीब करीब चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही सड़क और पुलिया निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वह उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगे।

# भारतीय विवि संघ की बैठक में कुलपति हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारतीय विवि संघ द्वारा हैदराबाद में आयोजित कुलपतियों की राष्ट्रीय बैठक में इन्दिरा कला संगीत विवि की कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा शामिल हुई। बैठक में विवि का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व शोध संबंधी उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विवि में जारी नवाचारों, कला संस्कृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों सहित अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में हो रही प्रगति की जानकारी साझा की। बैठक उपरांत कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से सौजन्य भेंट कर विवि की विशिष्ट प्रकृति, भारतीय शास्त्रीय कला व संगीत शिक्षा में इसकी भूमिका और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने उनके प्रयासों की सराहना कर जल्द ही विवि आने की इच्छा जाहिर की। कुलपति को सुविधानुसार समय निर्धारित करने के निर्देश पर संभवतः अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में उनका आगमन हो सकता है। बैठक मे विभिन्न राज्यों से उपस्थित कुलपतियों ने कुलपति प्रो डॉ शर्मा के सराहना करते हुए विवि के कार्यों को प्रेरणादायक बताया।



# पर्यटन केन्द्र में स्पेसिफिक प्रशिक्षण



**डोंगरगढ़।** केंद्र सरकार की रैंप योजना अंतर्गत पर्यटन केंद्र में एडवेंचर टूरिज्म से जुड़े उद्यमियों के लिए सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण 35 उद्यमियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों से संवाद कर वर्तमान गतिविधियों, कार्य प्रणाली एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। मास्टर ट्रेनर ने वन-टू-वन मार्गदर्शन करते हुए संस्थागत ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।इसी क्रम में केंद्र सरकार की योजनाओं, सब्सिडी, ईडीपी प्रशिक्षण, कौशल विकास, मार्केटिंग रणनीतियों तथा उद्यम पंजीयन की आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। अंतिम दिन आयात-निर्यात की रणनीति, विभागीय समन्वय तथा भविष्य की मांगों के अनुरूप परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पारुल पाण्डेय, डिविजनल समन्वयक लोकेश सिन्हा एवं तुषार साहू की सक्रिय भूमिका रही।

### गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश

# सीईओ ने गांव में किया विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने ग्राम पंचायत गोटाटोला, मोहभट्टा एवं शेरपार में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महतारी सदन, आजीविका डबरी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता संबंधी कार्य तथा आंगनबाड़ी भवन की प्रगति का अवलोकन किया। सीईओ ने स्थानीय अमले को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### हितग्राहियों से मुलाकात

श्रीमती चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने प्रगतिरत आवासों में नियमानुसार 90 दिवस की मनरेगा मजदूरी का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने कहा। । आजीविका डबरी निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान तकनीकी मानकों एवं आवश्यक अभिसरण के तहत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि संरचनाओं की गुणवत्ता और उपयोगिता बनी रहे। निर्माण स्थलों पर लगाए जाने वाले सूचना पटल में संबंधित महिला स्व-सहायता समूह की दीदी का नाम, लोकोस आईडी एवं क्लर्ट जोन का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जूनियर विद्यार्थियों ने दी सीनियरों को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुमरदा

शासकीय हाईस्कूल जोशीलमती में कक्षा 10वीं के छात्रों को कक्षा 9वीं के छात्रों ने भावभीनी विदाई दी। बिदाई समारोह में प्रभारी प्राचार्य अशोवन्तिन सोरी के साथ व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी, एचएल भुआर्य, अजय चंद्रवंशी, जीएल कोलियारे उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभांरभ प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शोरी आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सीनियर छात्रों का 9वीं के छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। सीनियर छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता, चुटकुला व अपना अनुभव साझा किया।



#### पढ़ाई पर लगाएं मन

इस अवसर पर प्रभारी श्रीमती शोरी ने छात्रों को पढ़ाई पर जोर देने की बात कही। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के टिप्स दिए। व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी ने कहा कि बच्चे लक्ष्य बनाकर एकाग्रचित्त मन लगाकर पढ़ाई करें तो सफलता तय है। व्याख्याता भुआर्य ने पढ़ाई में गंभीरता पर बल दिया। व्याख्याता चंद्रवंशी ने परीक्षा में उत्साह के साथ शामिल होने कहा। व्याख्याता गैंदलाल कोलियारे ने भी संबोधित किया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### नैटबाल में दुर्ग विजेता व दिग्विजय कॉलेज उपविजेता



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय द्वारा 20 फरवरी को अंतर महाविद्यालय नैटबॉल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुचित्रा गुप्ता व विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार परगनिया थे। डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि सभी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विश्वविद्यालय की टीम में चयनित होने का प्रयास करें तथा खेल को खेल भावना से खेले। प्रथम सेमीफाइनल दिग्विजय महाविद्यालय वर्सेस मनसा महाविद्यालय भिलाई, द्वितीय सेमीफाइनल टल्ज् दुर्ग वर्सेस वैशाली नगर, फाइनल मैच वोटल्ज् दुर्ग वर्सेस दिग्विजय महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें भी टल्ज् दुर्ग विजेता व दिग्विजय कॉलेज उपविजेता रहा।

### कबड्डी स्पर्धा में मोहारा विजेता

**बेलगांव।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं दानी स्पोर्ट्स के तत्वावधान में ग्रास रूट स्पोर्ट्स प्रोग्राम अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला मुसराकला में फ्यू कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पाँच बालक एवं चार बालिकाओं की टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा तथा बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक शाला कसारी विजेता रही। कबड्डी बालिका में पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा, बालक वर्ग में माध्यमिक शाला कसारी विजेता रही। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, जिपं सदस्य महेंद्र यादव थे। अध्यक्षता सरपंच गायत्री टेम्बुकर ने की। पूर्व माध्यमिक शाला मुसराकला की बालिकाओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर पवन साहू, कोमल साहू, सुभाष डोंगरे, सूर्यकांत देशमुख, चेतन यादव, रोशन टिलवानी आदि मौजूद थे।

### समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा और शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी ने सहयोगियों सहित नगर निगम आयुक्त के निगम में अनुपस्थित होने की स्थिति में कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अभिमन्यु उदय मिश्रा ने नगर निगम ऑडिटोरियम की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया। हाल ही में ऑडिटोरियम की छत से पीओपी गिरने की घटना को अत्यंत गंभीर बताते कहा गया कि यह किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। ऐसे में नगर निगम ऑडिटोरियम की तत्काल तकनीकी जांच कराकर उसकी मरम्मत, सुदृढ़ीकरण एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुधार कार्य शीघ्र कराए जाने की मांग की गई, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त ज्ञापन में शहर उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी द्वारा वार्ड क्रमांक 44 महेश नगर, आशीर्वाद कॉलोनी गली नंबर 2 में अधूरी नाली निर्माण कार्य को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई।

### सीएमएचओ ने बैठक में की राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा



**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बीते दिनों स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीईटीओ, विकासखंड डाटा मैनेजर एवं कनिष्ठ सचिवीय सहायक, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के जिला सलाहकार शामिल हुए। सीएमएचओ ने सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक बुधवार योग शिविर लगाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने कहा। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्रति दिवस दूरभाष के माध्यम से स्वास्थ्य की जानकारी लेने एवं आवश्यक दवाई उपलब्ध कराने तथा निःशुल्क सोनोग्राफी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव बढ़ाने, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत मास ड्रग एडमिनेस्ट्रेशन अभियान, आधार बेस उपस्थिति, आभा आईडी बनाने, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की।

### भाजयुमो ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव

**राजनांदगांव।** भारत मंडपम नई दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अर्धनग्न प्रदर्शन से भारत की छवि को नुकसान के विरोध में बीते दिनों भाजयुमो अध्यक्ष चिंटु सोनकर के नेतृत्व में युवा नेताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय रायपुर का घेराव किया गया। पिंटू वर्मा एवं उज्जवल कसेर ने बताया कि यह कार्यक्रम कांग्रेस नेताओं द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध स्वरूप आयोजित किया गया है। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने इस कृत्य को भारतीय संस्कृति और मर्यादाओं के विरुद्ध बताते कड़ा विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर चिंटू सोनकर, पिंटू वर्मा, उज्ज्वल कसेर, जयंत साहू, कमलेश प्रजापति, साकेत वैष्णव, जितेंद्र साहू, सुमित मिश्रा, प्रवेश ठाकुर, ललित साहू, हिमांशु सोनवानी, हर्षदेव चौधरी, अरविंद बैद, आशु डहरिया, दुर्गेश साहू आदि शामिल थे।

## नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# यात्री प्रतीक्षालय बदहाल, कांग्रेसियों ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला मुख्यालय के एकमात्र नए बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय की बदहाल स्थिति को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतीक्षालय परिसर में भारी गंदगी, शराब की खाली बोतलें, पानी के पाऊच, गांजा सेवन की सामग्री और मवेशियों का डेरा देख कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया।

इस दौरान नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, यतेंद्रजीत सिंह, पुरन सारथी, रविंद्र सिंह गुड्डा, शेखर दास वैष्णव, भरत चंद्राकर, सूर्यकान्त यादव, नदीम मेमन, मोहित भांडेकर, महेश यादव, मनोहर सेन, रानू खान, रघुनाथ यादव, सिद्धांत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



### चल रहा खुलेआम नशाखोरी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. भारद्वाज ने आरोप लगाया कि नपा प्रशासन शहर के बुनियादी ढांचे के रखरखाव में असफल रही है। उन्होंने पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संवेदनशील सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम शराब और नशाखोरी कैसे हो रही है यह चिंताजनक है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भी नपा और पुलिस प्रशासन पर मौन सहमति का आरोप लगाते हुए कहा कि शासकीय परिसरों में इस तरह की गतिविधियां युवाओं को गलत दिशा में ले जा रही हैं। शहर का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

### नियमित सफाई का अभाव, आमरण अनशन की चेतावनी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में पहुंची टीम ने पाया कि प्रतीक्षालय में नियमित सफाई का अभाव है। कमरों के भीतर और बाहर दर्जनों खाली शराब की बोतलें बिखरी पड़ी थीं। कई स्थानों पर गोबर और कचरे का ढेर नजर आया। यात्रियों के बैठने के लिए लगी कुर्सियां टूटी हुई हैं जबकि पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने मौके पर नपा स्वच्छता प्रभारी को बुलाकर स्थिति से अवगत कराया और तीन दिनों के भीतर सुधार नहीं होने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी। उनका कहना था कि यात्रियों को धूप और बारिश से बचाने के उद्देश्य से बनाए गए प्रतीक्षालय का इस तरह उपेक्षित रहना प्रशासनिक उदासीनता का प्रमाण है।

# नीलू को पश्चिम बंगाल विस चुनाव में मिली अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा को भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस सिलसिले में वे रविवार को बंगाल पहुंचे। पार्टी ने उन्हें पुरूलिया लोकसभा अंतर्गत मानबाजार विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को लेकर श्री शर्मा ने आभार जताया है।

श्री शर्मा का यह दायित्व न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि अन्य राज्यों में पार्टी की रणनीतिक भूमिका में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी दर्शाता है। वे लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली को पार्टी नेतृत्व ने कई बार सराहा है। श्री शर्मा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगे और पार्टी के विजय संकल्प को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

ज्ञात हो कि श्री शर्मा इसके पूर्व बिहार, असम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं, जहां उनकी सक्रियता से पार्टी के प्रत्याशियों ने विजयश्री प्राप्त की थी।

# युगल का राष्ट्रीय एकता शिविर में भागीदारी



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के रासेयो इकाई को समर्पित स्वयंसेवक व रासेयो दलनायक युगल दास साहू कक्षा पीजीडीसीए का चयन उत्तराखंड के हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एकता शिविर 22 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा। हरिद्वार में आयोजित होने वाले इस शिविरि में देश के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों से मेधावी स्वयंसेवक भाग लेंगे। राजनांदगांव जिले से एकमात्र स्वयंसेवक का चयन शिविर के लिए हुआ है। शिविरि में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सभ्यता, संस्कृति की झलक राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का अवसर मिलेगा। युगल साहू प्रारंभ से ही पढ़ाई के साथ-साथ लोककला मंच से जुड़े हुए हैं। रासेयो इकाई से जुड़कर अनुशासन, निःस्वार्थ सेवा, समाजसेवा व कई उपलब्धियों ने उन्हें इस मंच तक पहुंचाया है।

युगल साहू का चयन होने पर प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे, डॉ. एसआर कन्नोजे, रवि सिन्हा एवं कॉलेज स्टॉफ ने बधाई दी।

# नवरंग ग्रुप ने किया दीपक का सम्मान

- बर्फानी सेवाश्रम समिति की भी रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरंग ग्रुप राजनांदगांव एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में सदस्यों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद स्पर्धा संपन्न हुई। जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न स्पर्धा के पुरस्कार भी बांटे गए। इस अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री दीपक जोशी का सम्मान भी किया गया।

बर्फानी सेवाश्रम समिति एवं नवरंग महिला ग्रुप द्वारा कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ



नवरंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा तिलक व अक्षत लगाकर सभी का सम्मान कर स्वागत गीत से किया गया। तत्पश्चात नगर पालिक निगम भिलाई से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण यंत्री एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जोशी का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर शाल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात नवरंग ग्रुप व बर्फानी सेवाश्रम समिति के सदस्यों के लिए विभिन्न खेल कौशल का आयोजन किया गया। नवरंग ग्रुप के सदस्यों के लिए पैरामिट बनाने, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही सुरीलि कुर्सी दौड़ की स्पर्धा आयोजित की गई। पिरामिड बनाने की स्पर्धा में हिस्सा लेते सदस्यों ने इस खेल का क्रम प्रारंभ किया। जिसमें आरती नागेन्द्र तिवारी, अर्चना संजय खड़ेलवाल, संस्कृति शर्मा, निष्ठा जोशी को पुरस्कृत किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गीत गायन स्पर्धा में श्वेता जोशी, स्वाति परमार, नविदेता बैद, अन्नू अग्रवाल पुरस्कृत हुई। वहीं सुरीली कुर्सी स्पर्धा में सुनीता जोशी, ममता जोशी, आरती शर्मा ने पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में प्रसिद्ध लोक गीत गायक, फिल्म निर्माता राजेश मारू ने लोकगीत व पुराने फिल्मी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राजेश मारु, दीपक जोशी, गणेश प्रसाद शर्मा'गन्नू', नीलम जैन, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, नागेन्द्र तिवारी, मनीष परमार, दामोदर अग्रवाल, अर्चना खंडेलवाल, स्वाति परमार, श्वेता जोशी, संस्कृति शर्मा, निष्ठा जोशी ने आयोजनों में सहयोग प्रदान किया।

# ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, महिला की मौत

- दर्जनभर ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दी। सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली के पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं दर्जनभर ग्रामीण घायल हो गए हैं। जिसमें चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसा रविवार दोपहर 2 बजे मानपुर के इरागांव के पास हुआ। मानपुर पुलिस ने बताया कि



ग्राम खुर्सेखुर्द के ग्रामीण टैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर छठी कार्यक्रम में शामिल होने नेडगांव जा रहे थे। ट्रैक्टर इरागांव के पस पहुंची थी, तभी उसे पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे से ट्रैक्टर का नियंत्रण बिगड़ा और सड़क किनारे ट्रॉली पलट गई। जिसमें सवार महिला, पुरूष और बच्चे बुरी तरह दब गए। हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के राहगीरों और ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकालकर खेत के किनारे बैठाया। हालांकि हादसे में 26 वर्षीय दुरपतबाई उसारे की मौत हो गई। हादसे में 11 लोगों को चोटें आई थी। जिसमें चार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज हास्पिटल रेफर किया गया है। गंभीर घायलों में नोहरीबाई, बिसंतीनबाई, बृजबाई और सुकाल सिंह शामिल हैं। इधर ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया है।

# रेसुब पोस्ट फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग का आयोजन



**राजनांदगांव।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव द्वारा 22 फरवरी को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य के निर्देशन तथा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की निरीक्षक प्रभारी तरुणा साहू के नेतृत्व में सुबह 7.30 बजे दिग्विजय स्टेडियम बी-ब्लॉक राजनांदगांव में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम राजनांदगांव के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्टेशन मास्टर राजनांदगांव श्री बर्मन, सीटीआई रेखा पदम जीबी, रेलवे सुरक्षा बल की निरीक्षक तरुणा साहू एवं समस्त स्टाफ, कोच, वार्डन, बास्केटबॉल के बालक खिलाड़ी तथा भारतीय खेल प्राधिकरण अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेलवे सुरक्षा बल के जवानों, शहर के युवाओं एवं आमजन में शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम के उपरांत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को स्वास्थ्यवर्धक फल एवं जूस का वितरण किया गया। जिससे स्वस्थ भारत के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया गया। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसने समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

# गांजा, फरार आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में फरार आरोपी की पतासाजी कर पुलिस ने पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 फरवरी को मुखबीर सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी आसिफ खान शुलभ के पास रानीसागर रोड के कब्जे से 1.323 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 13,000 रुपए को जब्त किया गया था। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी आसिफ खान द्वारा बताया गया कि उक्त गांजा उसे खिलेश तुमरेकी उर्फ छोटू लंबू द्वारा बिक्री हेतु उपलब्ध कराया जाता था। इसके आधार पर आरोपी खिलेश तुमरेकी की तलाश की जा रही थी, जो घटना दिनांक से फरार था।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। 22 फरवरी को आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# सट्टा-पट्टी, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 फरवरी को मुखबीर की सूचना पर पुलिस गौरीशंकर पेट्रोल पम्प के पास राजनांदगांव के पास पहुंचकर घेराबंदी कर अरविंद रंगारी 36 वर्ष रामनगर पॉवर हाउस को पकड़े। जिसने पूछताछ में अजय यादव 40 साल शांतिनगर को अपना सट्टा-पट्टी देना बताया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध छग जुआ प्रतिषेश अधिनियम की धारा 06 एवं 112 बीएनएस के तहत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

# मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ाया, पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रक में मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। ट्रक शहर के बायपास रोड के पास पहुंची थी, तभी एक कार को ठोकर मार दिया। मौके पर पुलिस ने जांच की, तब ट्रक में मवेशी भरे होने का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में मवेशी तस्करों पर अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 21 फरवरी के रात्रि 1.30 बजे सूचना मिली कि सीआईटी बायपास में 6 चक्का टाटा 1212 के चालक द्वारा एक कार को ठोकर मार दिया है।




### 22 मवेशी बरामद

सूचना पर पुलिस मौके पर 2 बजे पहुंचकर गाडी के अंदर तारपोलिंग को हटाकर देखा। उक्त ट्रक में 12 दुधारू गाय एवं 10 बछड़े गाड़ी में बंधा हुआ था। जिसमें से 2 बछड़ों की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक वाहन के चालक महेश कुमार यादव से पूछे जाने पर वह बताया कि चिपलिमा गौशाला संभलपुर उड़सिा से 12 दुधारू गाय को लेकर कलमना नागपुर छोड़ने जा रहे हैं। दस्तावेज मांगे जाने पर आधा-अधूरा दस्तावेज दिया गया।

### आरोपियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

वाहन को नेशनल हाइवे में लापरवाहीपूर्वक चलाना पाए जाने से वाहन को मय मवेशियों के जब्त कर मवेशियों को गौशाला में देखरेख उपचार हेतु सुपुर्द कर आरोपियों के खिलाफ धारा 325, 281, 3 (5) बीएनएस, 11 (1)(घ), 11 (1)(ड) पशुक्रूरता निवारण अधि, 130 (3), 66/192, 39 मो.व्ही. एक्ट पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपी महेश यादव 29 वर्ष साकिन धरौली मुफरिद पट्टी कोहडौर जिला प्रतापगढ़ उप्र, अज्जू खान 30 वर्ष साकिन आजरी माजरी थाना यशोधरा नगर जिला नागपुर शहर महाराष्ट्र, प्रकाश दंबारे 28 वर्ष साकिन रोश कॉलोनी जाफरनगर थाना गणेश पेठ जिला नागपुर शहर महाराष्ट्र, सुभाष यादव 38 वर्ष साकिन देरोली महेन्दरगढ़ थाना जिला महेन्दरगढ़ हरियाणा के खिलाफ कार्रवाई की है।






**खबर संक्षेप**

### बकरी पालन से आत्मनिर्भर बनीं समूह की महिलाएं

**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम बचेड़ी की ग्रामीण महिलाएं आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दे रही हैं। कभी मजदूरी और दूसरों पर निर्भर रहने वाली ये महिलाएं अब स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। ग्राम बचेड़ी में गठित जय मां करोड़ी स्व. सहायता समूह ने लखपति दीदी योजना के तहत बकरी पालन को आजीविका का साधन बनाया। समूह की सदस्य सीमा कुम्भकार के मार्गदर्शन में इस कार्य की शुरुआत हुई। उन्होने बताया कि लखपति दीदी योजना से बकरी पालन कर अपने परिवार की भरण पोषण कर रही है, वहीं इस योजना से उनके परिवार में सुखी का माहौल बना हुआ है।

# होली पर्व के दिन शराब दुकानें खुले रखने के निर्णय के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

■ कवर्धा जिला के बिगड़े कानून व्यवस्था के विरोध में सीएम व डिप्टी सीएम का पुतला दहन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व होली के दिन शराब दुकानें खुले रखने के निर्णय के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा रविवार को प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थें। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया।

जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि होली आस्था, परंपरा और भाईचारे का पर्व है। ऐसे पवित्र अवसर पर शराब दुकानें खोलना पूरी तरह गलत और समाज विरोधी निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह फैसला जनता की भावना के विपरीत है। सरकार को त्यौहारों की गरिमा बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी दिखानी चाहिए थी, लेकिन इसके विपरीत राजस्व के लालच में समाज के हितों की अनदेखी की जा रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि 21 फरवरी को कवर्धा में प्रदेश के गृह मंत्री के निवास के सामने स्थित शनि देव मंदिर एवं हनुमान मंदिर में अज्ञात तत्वों द्वारा मूर्तियों के साथ की गई तोड़फोड़ की घटना को गंभीर चिंता का विषय बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से पुतला दहन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शराब नीति में सुधार नहीं किया और कानून व्यवस्था मजबूत करने के ठोस कदम नहीं उठाए, तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।

इस प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, नीलू चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, वीरेंद्र जांगड़े, जगमोहन साहू, मणिकांत त्रिपाठी, नारायणी टेंडरे, सौखी साहू, चेतन वर्मा, घनश्याम साहू, संतोष यादव, नीलकंठ साहू, कलीम खान, मनीष शर्मा, विकाश केशरी, तुकाराम चंद्रवंशी, चोवा साहू, महेंद्र कुंभकार, गुरुदत्त शर्मा, खोरबहरा साहू, विनय वैष्णव, सतीश सिंह, रोमी खनूजा, मुरीद चंद्रवंशी, प्रमोद पात्र, जयंत जायसवाल, नरेंद्र मानिकपुरी, राजेंद्र साहू, लखन राजपूत, वाल्मीक वर्मा, आकाश केशरवानी, विनोद चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, प्रशंसा परिहार, शिवप्रसाद वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, गौतम शर्मा, खोवाराम भास्कर, शारदा सोनवानी, पूर्णिमा चंद्राकर, राजेंद्र मारकंडे, जलेश्वर यादव, सूरज वर्मा, अमन वर्मा, नरेंद्र वर्मा, धनेश पाली, तुषार वर्मा, जीतेन्द्र मानिकपुरी, कृष्ण नामदेव, विष्णु नेताम, भुनेश्वर पटेल, विवेक जायसवाल, संजय चंद्रवंशी, गोरे चंद्रवंशी, नंदू चन्द्रवंशी, राजू चंद्रवंशी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।






**होली के दिन शराब की खुली बिक्री क्षेत्र में अप्रिय घटना को बढ़ावा**

महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि होली के दिन शराब की खुली बिक्री से झगड़े, मारपीट, सड़क दुर्घटनाएं, छेड़छाड़ और घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। पहले से ही प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

**शराब दुकाने खुली रखने से कानून व्यवस्था कमजोर**

ब्लॉक अध्यक्ष छबि वर्मा ने कहा कि हत्या, लूट और चाकूबाजी की घटनाओं से जनता परेशान है। ऐसे माहौल में शराब दुकानें खुली रखना कानून व्यवस्था को और कमजोर करेगा।

**जनता के सुरक्षा व त्यौहारों की पवित्रता बनाएं रखना सरकार का दायित्व**

शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि जब धार्मिक स्थल सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी सवाल उठता है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने कहा कि सीएम और गृह मंत्री को प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। जनता की सुरक्षा और त्यौहारों की पवित्रता बनाए रखना सरकार का दायित्व है।

## कार्यक्रम : विधायक भावना बोहरा द्वारा सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में सार्थक पहल

# 165 आदिवासी नागरिकों की घर वापसी विधायक ने पैर पखारकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निरंतर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार से लेकर आदिवासी एवं वनवासी संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहें हैं। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्रों से लगभग 165 आदिवासी परिवारों के सदस्यों ने अपने मूल धर्म एवं परंपराओं में पुनः आस्था व्यक्त करते हुए घर वापसी की। यह आयोजन ग्राम कुल्हीडोंगरी में प्राथमिक शाला के पास आयोजित संस्कृति गौरव सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में संपन्न हुआ। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सभी लौटे हुए जनजातीय भाई-बहनों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके पैर पखारकर सम्मान प्रकट किया। यह क्षण सांस्कृतिक आत्मगौरव और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया।

विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में निरंतर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा आदिवासी एवं वनवासी परंपराओं के संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उनके जमीनी स्तर के कार्यो से वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। साथ ही भोले-भाले आदिवासी समाज को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वालों के इरादों पर कड़ा प्रहार हो रहा है। विधायक श्रीमती बोहरा ने बताया कि राज्य में धर्मांतरण पर रोक हेतु सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। आगामी विधानसभा बजट सत्र में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2026 रखा जाएगा। यह विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार की रक्षा करेगा और प्रलोभन, दबाव या छलपूर्वक धर्म परिवर्तन की गतिविधियों को नियंत्रित करेगा। इसके साथ ही राज्य की सांस्कृतिक अस्मिता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित कर विकास के माध्यम से मुख्यधारा से जुड़ाव सुनिश्चित करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा वनांचल क्षेत्रों में विकास एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, 2 बाइक एम्बुलेंस, शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार, अधोसंरचना एवं विकास कार्य, जनजातीय परिवारों के लिए पीएम आवास, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पक्की सड़कों का निर्माण, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से लगातार यहां की तस्वीर बदल रही है। विधायक भावना बोहरा ने दोहराया कि सरकार का संकल्प है कि वनांचल का प्रत्येक परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मानजनक जीवन से जुड़े। कुल्हीडोंगरी का यह आयोजन केवल घर वापसी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास और विकास के समन्वय का प्रतीक बन गया। वनांचल के जनजातीय परिवार आज अपनी परंपराओं से पुनः जुड़ते हुए विकास की मुख्यधारा में सहभागी बन रहे हैं यही इस पहल का मूल उद्देश्य है। आयोजन में वरिष्ठ आदिवासी नेता धनवा परस्ते ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए दूरस्थ व वनांचल क्षेत्रों में इन प्रयासों एवं कार्यक्रम के आयोजन के लिए विधायक भावना बोहरा को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे आदिवासी भाई-बहनों को पुनः उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के लिए प्रयास में हम उनके साथ हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका इंदौरी अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन बाई मांडले, उपाध्यक्ष जशवंत साहू, उत्तम मार्सकोले, संजीव परस्ते, रूपेश जैन, नवल पांडेय, खेमसिंह ठाकुर, खिलेश्वर साहू, नरेश साहू, नंदिनी साहू, स्वतंत्र तिवारी, राजकुमार यादव, थानेश्वर साहू, समस्त जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।





**पंडरिया विधानसभा के अब तक 400 से अधिक आदिवासी नागरिकों की घर वापसी**

यह पहल केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है। इससे पूर्व भी विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में घर वापसी हुई है। नेऊर क्षेत्र के आसपास के गांवों से 115 नागरिक, कुई-कुकदुर क्षेत्र से 70 नागरिक एवं ग्राम दमगढ़ से 50 नागरिक और आज कुल्हीडोंगरी में 165 नागरिकों की वापसी के साथ पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों से अब तक लगभग 400 से अधिक आदिवासी नागरिक अपने मूल धर्म और सांस्कृतिक जड़ों से पुनः जुड़े हैं। यह केवल आस्था नहीं सांस्कृतिक अस्मिता और आत्मगौरव का अभियान है।

**समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया**

विधायक ने कहा कि आज पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र के लगभग 165 आदिवासी परिवारों के सदस्यों ने अपने मूल धर्म और परंपराओं में पुनः विश्वास व्यक्त करते हुए समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया है। यह केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता, सामाजिक एकता और आत्मगौरव से जुड़ा व्यापक सामाजिक अभियान है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी के कारण पूर्व में कुछ लोगों द्वारा प्रलोभन या दबाव के माध्यम से धर्मांतरण कराया गया। परंतु डबल इंजन भाजपा सरकार के आगमन के बाद विकास कार्यो और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से वनांचल क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन आया है। निरंतर संवाद, जनसंपर्क, पारदर्शी विकास कार्यो और विश्वास निर्माण के प्रयासों ने ऐसा वातावरण बनाया है, जिससे जनजातीय परिवार पुनः अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहें हैं।

# सैहामालगी में श्रीमद्भागवत एवं श्रीशिव महापुराण कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया के धर्म धराधाम ग्राम सैहामालगी में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जिसमें कथा व्यास स्वामी विकासानंद महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने बिल्व पत्र, रुद्राक्ष एवं भस्म की महिमा का रसपान किया। कथा के दौरान महाराज ने बताया कि बिल्व पत्र कोई साधारण पत्ती नहीं है, यह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। सच्चे श्रद्धा और मनोभाव से जो भी भक्त बेलपत्र अर्पित करता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि बिल्व पत्र के तीन पत्ते ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माने जाते हैं। इसी प्रकार रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए बताया गया कि रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति शिवभक्ति से सराबोर हो जाता है तथा उसके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भस्म की महत्ता समझाते हुए कहा गया कि यह हमें जीवन की नश्वरता का बोध कराती है और भगवान शिव से जुड़ने का माध्यम बनती है। कथा पंडाल में भक्तों का विशेष उत्साह देखने को मिला। जिसमें आसपास के भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचकर इस दिव्य एवं अलौकिक कथा का रसपान कर रहे है। जिससे गाम सैहामालगी सहित आसपास ग्राम में वातावरण भक्ति और श्रद्धा का संचार हो रहा है।



**भाजपा मण्डल कुण्डा में देखा एवं सुना मन की बात**



**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा मण्डल कुण्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात देखने एवं सुनने 22 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे बूथ अध्यक्ष बूथ क्र.185 रामनाथ चंद्राकर के निवास में कार्यक्रम के प्रभारी मछुवारा प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोजक प्रदीप कैवर्त के नेतृत्व आयोजन किया गया। जिसमें मोदी के मन की बात को सामूहिक रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा एवं सुना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की शुरुआत 3 अक्टूबर 2014 को पहले शो के बाद अब तक इसके 130 एपिसोड प्रसारित हो चुके है मन की बात का 100 वां एपिसोड 30 अप्रैल 2023 को प्रसारित हुआ और इसका प्रसारण विश्व स्तर पर किया गया। जिसमें 22 फरवरी को प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी मछुवारा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप कैवर्त अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 131 वां एपिसोड को सुना एवं देखा गया। इस दौरान प्रदीप कैवर्त, बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, देवेंद्र चंद्रवंशी, रमन खनूजा, प्रताप सेन, नरेंद्र निर्मलकर, सुनीता यादव, रामनाथ चंद्राकर, सूरज यादव, रमेश चंद्रवंशी, राजेश यादव, छोटू सारथी, रोहित सहित भाजपा मण्डल कार्यकर्ता, ओबीसी मोर्चा महिला मोर्चा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### पोंड़ी में सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131 वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण ग्राम पोंड़ी में किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनके निवास पर एकत्र होकर कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम पंचायत पोंड़ी सरपंच श्रीमती मिथिला मोतीराम साहू के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सरपंच एवं उपसरपंच का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेय के नेतृत्व में ग्राम पोंड़ी में कई विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में महतारी सदन, सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 04 में नाली निर्माण तथा सार्वजनिक शौचालय निर्माण सहित अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं। श्री साहू ने कहा कि इन कार्यो से ग्राम पोंड़ी में विकास की गंगा बह रही है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

**गांव की तस्वीर बदलने के लिए गांव चलो अभियान की जरूरत**

# क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी ग्रामीण जन बुनियादी सुविधा से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला के अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में लंबे समय से बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। गांव के मुख्य गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों और धार्मिक स्थलों पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी 24 घंटे बहता रहता है जिससे ग्रामीणों व राहगीरो को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार कई बार जिम्मेदार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को ग्राम के बुनियादी सुविधाओ के लिए शिकवा शिकायत की गई लेकिन स्थिति जस के तस बनी हुई है। बताया जाता है कि पक्की नाली निर्माण के अभाव में बरसों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गन्दा पानी सड़क के बीचों बीच बह रही है वहीं ग्रामीण जन व बुजुर्गो फिसल व गिरकर चोटिंल हो रहे है। जिस पर ग्रामीण रहवासियो ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो को इस ओर ध्यान देने तथा गांव में गांव चलो अभियान एवं स्वच्छता अभियान चलाकर स्थायी समाधान की दिशा में पहल करने की मांग की गई ताकि ग्राम राम्हेपुर कला की गली-मोहल्ले में पक्की नाली और सीसी सड़क का निर्माण व नियमित साफ-सफाई तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अत्यंत आवश्यक है। जिससे ग्रामीण रहवासियों को सुविधा तथा राहत मिल सकें।

# चित्रकारी कला में महिलाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पण्डरिया के सुंदूर वनांचल क्षेत्रांतर्गत ग्राम भाकुर में आदिवासी समता मंच द्वारा रंगोली चित्रकला का आयोजन किया गया, जिसमें 15 ग्रामों से लगभग 150 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिस पर आदिवासी समता मंच अध्यक्ष इंदु नेताम द्वारा महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जन-जागरूक करने की प्रयास किया गया। उन्होने कहा कि एक समूह के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत हर एक स्कीम का लाभ लिया जा सकता है। जिसमें प्रत्येक महिलाओं का क्षमता विकास बढ़ सकती है, तत्पश्चात सभी महिलाओं एवं बच्चों को ड्राइंग पेपर एवं कलर पेन से चित्र बनवाया गया। इस दौरान सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सभी महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए बिरन माला, गोदना, तितली-चिड़िया, गांव की नजरी नक्शा, फुल, मकान आदि चित्र बनाकर अपने-अपने कला की प्रदर्शन किया। इस दौरान अध्यक्ष इंदु नेताम एवं उप सरपंच सुखलाल बैगा द्वारा सभी भागीदारी महिलाओं को ट्रे, चम्मच व गिलास देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आदिवासी क्षमता मंच के कार्यकर्ता राजेश रंजन सेहत्तर धुर्वे, हेमंत कुमार, मनोज राठुड़िया, एनिमा बनर्जी, प्रवीण सोरी, प्रियम रंजन उपस्थित थें।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटनो के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### खाद्य उद्यम के लिए 10 लाख तक का अनुदान

**कवर्धा।** भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित की जा रही है ताकि लोगों को खाद्य प्रसंस्करण एवं खाने-पीने की वस्तुएं बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने वाले व्यक्तियों को परियोजना लागत साविधि ऋण का 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ व्यक्तिगत उद्यमियों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह भी ले सकते हैं। इसके तहत गुड़ उद्योग, राइस मिल, कोदो मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन-मिक्चर निर्माण, पापड़, बेकरी उत्पाद, टमाटर सॉस उत्पाद बनाने वाले सभी उद्यमी पात्र होंगे।

### ऑनलाइन परामर्श संपर्क कक्षा शुरू

**कवर्धा।** पं. सुन्दरलाल लाल शर्मा ओपन विश्व विद्यालय ने परामर्श संपर्क कक्षा का शेड्यूल जारी किया है। बीएससी विज्ञान संकाय (गणित/भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र) के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की ऑनलाइन परामर्श संपर्क कक्षा शुरू हो गई है। संबंधित विद्यार्थी पं. सुन्दरलाल लाल शर्मा ओपन विश्व विद्यालय की परामर्श संपर्क

**सनातनियों की आस्था आहत:** रेवाबंद तालाब में स्थापित शनिदेव तथा हनुमान जी की प्रमिता तोड़ी गई

# जिला मुख्यालय कवर्धा में फिर सनातनियों की आस्था से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में सनातन धर्मावलंबियों की आस्था से जुड़े मंदिरों और देव स्थलों में तोड़फोड़ तथा छेड़छाड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर ग्रामीण अंचलों तक लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले की कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित रेवाबंद तालाब का है। जहां अज्ञात लोगों द्वारा तालाब किनारे स्थापित भगवान शनिदेव की प्रतिमा को तोड़फोड़कर खण्डित कर दिया वहीं बजरंगबली की प्रतिमा को उनके स्थान से उखाड़कर तालाब में फेंक दिया गया। इस घटना की जानकारी लोगों को रविवार की सुबह उस समय हुई जब लोग यहां हर रोज की तरह पूजा अर्चना करने पहुंचे। जिले में हो रही इस तरह की घटनाओं के बाद जिला मुख्यालय कवर्धा में हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा सनातनी मौके पर पहुंच गए और उन्होने घटना की निंदा करते हुए जिले की लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा सनातन विरोधी गतिविधियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह सनातनियों की आस्था के साथ खिलवाड़ है।

**मंदिरों में लगातार तोड़फोड़, आखिर कब जागेगा प्रशासन: अशोक सिंह**





शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि प्रदेश के गृह मंत्री और कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निवास से चंद मीटर की दूरी पर इस तरह की घटना हो रही है। उन्होने कहा कि जिले में लगातार सनातनधर्मियों की आस्था से खिलवाड़ कर आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है और इस तरह के मामले सामने आने के बाद पुलिस अपनी नाक बचाने के लिए किसी भी पागल को खड़ा कर अपनी गर्दन बचा रही है। श्री सिंह ने कहा कि जब प्रदेश के गृह मंत्री के गृह नगर और जिले में भगवान ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है। उन्होने इस तरह के मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं जिला युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने कहा कि जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। अपराधियों और आसामाजिक तत्वों में शासन-प्रशासन का कोई खौफ नहीं रह गया है। जिले में हत्या, लूट, चोरी, मंदिरों और सनातनियों के देव स्थलों में लगातार तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ रही है लेकिन पुलिस प्रशासन इन पर लगाम लगा पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है।

### शहर कांग्रेस ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

इस घटना के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा तथा जिले में एक के बाद एक सनातनियों के आस्था के केन्द्र मंदिरों व देवस्थलों में हो रही तोड़फोड़, चोरी तथा छेड़छाड़ पर पूरी तरह से लगाम लगाने की मांग कर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि इन घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई और एक हप्ते के भीतर कार्यवाही नहीं की गई गृह मंत्री के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। शहर कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में प्रदेश के गृह मंत्री का पुतला भी फूंका तथा जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, अशोक सिंह अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा, पदुम सेन सेवा दल, नारायणी टोन्ड्रे शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, आकाश केशरवानी, गोपाल चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

### कंझेटा में सात दिवसीय शिवमहापुराण प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कंझेटा में सात दिवसीय 22 से 28 फरवरी तक दिव्य संगीतमय श्रीशिव महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण कर किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर नगर भ्रमण करते हुए भक्तजनों व श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कलश यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभा यात्रा रैली निकाली गई वहीं युवा एवं बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिससे ग्राम कंझेटा व पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। इस पावन कथा का वाचन कथा व्यास आचार्य कान्हा महाराज द्वारा किया जा रहा है। उनके श्रीमुख से श्रीशिव महापुराण की अमृतमयी कथा श्रवणपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें। सात दिवसीय श्री शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। यह सात दिसयीय श्री शिव महापुराण कथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से इस दिव्य आयोजन का सफल संचालन किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रतिदिन दोपहर 2 बजे कथा स्थल पहुंचकर श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# अस्पताल परिसर में अभद्रता व मारपीट की धमकी से हड़कंप

## ड्यूटीरत डॉक्टर व स्टाफ से दुर्व्यवहार का आरोप



- शिकायत के बाद बोड़ला पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में गत 19 फरवरी को शाम लगभग 5:30 बजे एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए लाया गया। इसी दौरान महिला के पति सुदर्शन यादव, निवासी ग्राम मुछेल (खाम्ही), जिला मुंगेली, द्वारा शराब के नशे में ड्यूटीरत डॉक्टर एवं महिला स्टाफ नर्स के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने के कुछ समय बाद ही आरोपी ने चिकित्सा प्रक्रिया को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर वह और अधिक उत्तेजित हो गया। आरोप है कि उसने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की धमकी दी तथा ड्यूटीरत कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की कर मारपीट का प्रयास भी किया। घटना के दौरान आरोपी ने चिकित्सकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की, जिससे कुछ समय के लिए अस्पताल की सेवाएं प्रभावित हुईं।

इस दौरान अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों, उनके परिजनों एवं स्टाफ में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बोड़ला थाना को सूचना दी गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की हिंसा, अभद्रता या दुर्व्यवहार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी 24 घंटे जनसेवा में तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि अस्पताल परिसर में शांति एवं अनुशासन बनाए रखें तथा स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में सहयोग प्रदान करें। पुलिस द्वारा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है और संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पीएससी प्रारंभिक परीक्षा संपन्न, जिले में 1827 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## 393 रहे अनुपस्थित, जिले में बनाए गए थे 5 केंद्र, दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

22 फरवरी को आयोजित लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा जिले में सुचारु रूप से संपन्न हुई। कबीरधाम जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाए गए थे। जिले में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ प्रवीण वर्मा कबीरधाम पहुंचे। उन्होंने कवर्धा के शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर परीक्षा का संचालन देखा। इस दौरान नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल भी उपस्थित रही। ज्ञात हो कि जिले में बनाए गए 5 परीक्षा केंद्रों में 2220 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए फॉर्म भरा था।



जिसमें से कुल 1827 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन और द्वितीय प्रश्नपत्र तार्किक क्षमता पर था। पाली अनुसार देखें तो प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित प्रथम प्रश्नपत्र में 1857 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 363 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दोपहर 03 से 05 बजे तक हुए द्वितीय प्रश्नपत्र में कुल 1827 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही और 393 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र वार पीएससी के पेपर में कुल 1827 प्रतिभागी शामिल हुए। आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय पीजी कॉलेज में 505, शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में 204, स्वामी करपात्री जी शा. हायर सेकंडरी स्कूल में 464, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती चौक में 324 और स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल बस स्टैंड में 330 प्रतिभागी परीक्षा में शामिल हुए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार 22 फरवरी को प्रातः 11 बजे प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम की 131वीं कड़ी को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा शहर मंडल के बूथ क्रमांक 264 में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और कार्यक्रम के विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे संवाद स्थापित करते हैं तथा समाज के विभिन्न प्रेरणादायी कार्यों, नवाचारों और जनभागीदारी के उदाहरणों को सामने लाते हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, जिला महामंत्री मुकेश सिंह ठाकुर, जिला सामग्री व्यवस्था प्रभारी सुरेश दुबे तथा मंडल शहर उपाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जनसहभागिता को बढ़ावा मिलता है। अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता शासन की योजनाओं एवं संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण ...



**कवर्धा।** बूथ क्रमांक 264 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात।

**भोरमदेव ओपन रोवर क्रू (स्काउट दल) एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम (गाइड टीम) शामिल**

# विश्व चिंतन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में भोरमदेव ओपन रोवर क्रू (स्काउट दल) एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम (गाइड टीम) कवर्धा के रोवर-रेंजर ने सयुंक्त रूप से स्काउट-गाइड के संस्थापक लार्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पावेल एवं मिस एग्नेस बेडेन पावेल के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन नगर के शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में प्रधान पाठक सी डी भट्ट के आतिथ्य में किया गया। जिसे सम्पूर्ण विश्व विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। रोवर स्काउट लीडर



विजय कुमार साहू के नेतृत्व में सर्वधर्म प्रार्थना क्रमशः प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना, गुरु महिमा, रघुपति राघव राजाराम, जय बोलो सत धर्मों की, सभी धर्मों की प्रार्थना (व्यक्तिगत), मौन प्रार्थना, वी शैल ओव्हरकम, हर देश में तू हर भेष में तू व शांतिपाठ के साथ प्रार्थना संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने अपने विद्यार्थी जीवन का परिचय देते हुये कहा स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर अपने अनुशासन के लिये जाने जाते है तथा वर्तमान समयानुसार अपने आपको सक्रिय रखें। साथ ही साथ यह विद्यालय स्काउटिंग गतिविधियों के लिये सदा खुला रहेगा। रोवर लीडर विजय कुमार साहू ने बताया कि विद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। क्रू एवं टीम के द्वारा विशेष सहयोग हेतु प्रधान पाठक सीडी भट्ट को मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। प्रार्थना सभा कार्यक्रम में यूनिट लीडर्स प्रियप्रकाश साहू, संजय घावड़े, सोनाली चंद्रवंशी, पुष्पांजलि तिवारी, अनुजा यादव, देवव्रत पटेल, मितेश मिश्रा, ईश्वरी साहू एवं रोवर्स-रेंजर्स शामिल थे।

# शिक्षा विभाग का नया राजपत्र असंतुलित, एलबी संवर्ग शिक्षकों को होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक से छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग भर्ती नियम 13 फरवरी 2026 में आवश्यक संशोधन करने का सुझाव दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि विभागीय भर्ती व पदोन्नति नियम में कार्यरत अनुभवी शिक्षक संवर्ग की उपेक्षा करते हुए सीधी भर्ती को प्राथमिकता दिया गया है, जबकि सभी विभाग अपने अनुभवी कर्मचारियों को पदोन्नति व प्रतिनियुक्ति देने को प्राथमिकता मीं रखते है। शिक्षा विभाग में बहुतायत अनुभवी, योग्य व दक्ष शिक्षक हैं, जिनकी नए राजपत्र में घोर उपेक्षा किया गया है। राजपत्र के प्राथमिक प्रकाशन पश्चात सुझाव व दावा आपत्ति लिए बगैर ही सीधे इसे लागू किया जाना शिक्षा विभाग में कार्यरत दो लाख कर्मचारियों के साथ अन्याय है। नए राजपत्र में पदोन्नति हेतु एल. बी. संवर्ग के कोटा को समाप्त करने से तात्कालिक पदोन्नति पाने वाले एल. बी. संवर्ग के शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिल पाएगा, जो आपत्तिजनक है। एलबी संवर्ग का अलग कैडर होने से निरन्तर पदोन्नति का लाभ मिल रहा था। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदों को प्रत्येक वर्ष एक जनवरी की स्थिति में उद्भूत रिक्तियों से शिक्षक एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला स्नातकोत्तर प्रशिक्षित की संयुक्त पदक्रम के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे। इस प्रक्रिया अनुसार ई एवं टी संवर्ग के पदों को भरा जायेगा तथा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पदों को ई एवं टी संवर्ग के सहायक शिक्षक प्रशिक्षित की वरिष्ठता सूची के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे। इससे स्पष्ट है कि एल. बी. संवर्ग को समाप्त किया गया है। अतः 2018 से पहले के शासकीय शिक्षकों के पदोन्नति के बाद ही एल. बी. संवर्ग का पदोन्नति सम्भव हो पाएगा। इसी प्रकार अनुसूची 2 कल नियम 6 में प्राचार्य, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक तथा शिक्षक के पदों पर पदोन्नति हेतु केवल ई एवं टी संवर्ग का उल्लेख है अर्थात एलबी संवर्ग को विलोपित किया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि एल. बी. संवर्ग के कैडर नाम को हटाया गया है। पदोन्नति हेतु एलबी संवर्ग कैडर को हटाने से ई एवं टी संवर्ग में एकीकृत वरिष्ठता सूची बनेगा, जिससे तात्कालिक पदोन्नति में एलबी संवर्ग को बड़ा नुकसान होगा।